संत थॉमस स्कूल धुर्वा, राँची

कक्षा - 6 (विषय- हिंदी) पुस्तक- मंथन

पाठ- 2 हींगवाला

शब्दार्थ :-

मौलसिरी - एक बहुत ही बड़ा सदाबहार पेड़ जिसमें सुगंधित फूल लगते हैं।
साफा - पगड़ी, चोर - किनारा, कूं - को, बोहनी - दिन की शुरुआत में होने वाली पहली बिक्री, छटाँक - पाँच तोला, रेजगी - खुले पैसे,
प्रलोभन - लालच, ताकीद - चेतावनी, नीरवता - शांति
चिर-परिचित - पुरानी जान पहचान का, बखत - वक्त, समय

अभ्यास

प्रश्न1 - प्रश्नों के उत्तर दीजिए (मौखिक) :-

क) खान सावित्री के घर हींग बेचने आता था।

ख) सावित्री बहुत दयालु और परोपकारी थी। उसने सोचा कि हींगवाले को पैसों की बहुत जरूरत है।

ग) घर में हींग रहते हुए भी खान से हींग खरीदने के कारण सावित्री के बच्चे उससे नाराज थे।

घ) खान ने हींग की कीमत पैंतीस पैसे बताई।

प्रश्न 2- लघूत्तरीय प्रश्न:-

क) सावित्री के घर के आँगन में मौलसिरी वृक्ष लगा था।

ख) हींग खान बेचता था।

ग) तीस पैसे स्वयं लेना मुन्नी ने स्वीकार किया।

घ) सावित्री स्वभाव से भीरू थी।

ङ) बच्चे खान के साथ सकुशल लौट आए।

प्रश्न 3- दीर्घोत्तरीय प्रश्न:-

क) होली के अवसर पर हिंदू मुसलमानों में दंगा हो गया था। इस कारण से बहुत सारे लोग मारे गए थे।

ख) दशहरे के दिन पुलिस का कड़ा प्रबंध इसलिए था क्योंकि पुलिस को यह डर था कि होली में हुआ दंगा, दशहरे के दिन भी ना हो जाए। इसी डर से पुलिस का कड़ा प्रबंध था।

ग) सावित्री ने बच्चों को खिलौनों का, सिनेमा का तथा अलग-अलग प्रकार के प्रलोभन दिए।

घ) सावित्री ने मुँहमाँगा इनाम देने के बात इसलिए कही, क्योंकि सावित्री के बच्चे दशहरे के जुलूस में खो गए थे और उन्हें जो ढूँढ़ कर ला देता उन्हें सावित्री मुँहमाँगा इनाम देती।

प्रश्न 3 - किसने, किससे कहा ?

क) सावित्री के बेटे ने हींगवाले से कहा।

ख) हींगवाले ने सावित्री से कहा ।

ग) सावित्री के पति ने हींगवाले से कहा।

घ) नौकर ने सावित्री से कहा।

Scanned with CamScanner